प्रादेशिक समाचार

दिनांक–29.03.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने बिल गेट्स के साथ एआई, यूपीआई और कृषि जैसे मुद्दों पर की चर्चा, कहा– सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचाने को प्रतिबद्ध।
- गिरिडीह संसदीय सीट से आजसू पार्टी के चन्द्र प्रकाश चौधरी फिर होंगे एनडीए समर्थित उम्मीदवार, भाजपा ने गांडेय विधानसभा उपचुनाव में दिलीप कुमार वर्मा को बनाया प्रत्याशी।
- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज, मतदाता जागरुकता के लिए राज्य भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, सुरक्षा को लेकर भी खास चौकसी।
- चतरा में 2 करोड़ रुपये से ज्यादा के मादक पदार्थ बरामद, लातेहार में एक कार से 22 लाख रुपये भी मिले, बोकारो में अवैध शराब फैक्टरी का उत्पाद सचिव और आइजी ने लिया जायजा।
- गुड फ्राइडे पर आज राजधानी रांची समेत राज्य भर के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन, प्रभु यीशु के बलिदान को किया जा रहा है याद।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बडी आवश्यरकता है और सरकार सभी गांवों तक डिजिटल सुविधाएं पहुंचा रही है। बिल गेटस के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में अपनी बडी भूमिका निभा सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने एकाधिकार को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी लोकतंत्रीकरण किया है।

*******************

आजसू पार्टी ने सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी को गिरिडीह संसदीय सीट से फिर अपना उम्मीदवार बनाया है। रांची में आज हुई पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बाद में पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने पत्रकारों को बताया कि पार्टी संसदीय बोर्ड ने चंद्र प्रकाश चौधरी पर एक बार फिर विश्वास जताया है।

*******************

राज्य के गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति ने दिलीप कुमार वर्मा को गांडेय से प्रत्याशी बनाया है। श्री वर्मा अभी भाजपा के प्रदेश मंत्री हैं। वे पहले भी गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झाविमो के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य में प्रशासनिक और राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गयी है। इस कड़ी में आज देवघर के सूचना भवन सभागार में इलेक्ट्रोल अवेयरनेस को लेकर देवघर डीसी ने बैठक की। बैठक में सरकारी– गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे। मौके पर डीसी विशाल सागर ने बताया कि चुनाव के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन मुकम्मल तैयारियों में लगा है।

*******************

उधर, जामताड़ा जिले में भी शत–प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए कई पहल की जा रही हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने आज समाहरणालय के सभी पदाधिकारियों और विभिन्न विभागों के कर्मियों को मतदान करने की शपथ दिलायी और आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

*******************

लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य में आईटी से संबंधित स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर को आज रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय स्थित सभागार से प्रशिक्षकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ऐप और पोर्टल से संबंधित जानकारी दी गयी। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा ने कहा कि तकनीक के माध्यम से मतदाताओं तक पहुंच बनाकर उन्हें मतदान के प्रति जागरुक किया जा सकता है।

*******************

साहिबगंज जिले में लोकसभा चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने शहर के कई बूथों का निरीक्षण किया।

*******************

उधर, गढ़वा जिले में भी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने सीआरपीएफ़ 172 बटालियन के समादेष्टा के साथ सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अवस्थित बूथों का निरीक्षण किया।

*******************

गोड्डा ज़िले में लोकसभा चुनाव को लेकर बनाये गये चेकपोस्टों का आज पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा और पुलिस के अन्य वरीय पदाधिकारियों ने किया। पुलिस अधीक्षक ने चेक पोस्ट पर तैनात बल को सतर्क रहने का निर्देश दिया।

*******************

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड में पुलिस अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस अपराधियों और उग्रवादियों की धरपकड़ के साथ ही मादक पदार्थों के कारोबार पर भी नकेल कस रही है। इस कड़ी में चतरा जिले में पुलिस ने 45 किलोग्राम अफीम और 25 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत दो करोड़ से ज्यादा बतायी गयी है।

*******************

सिमडेगा जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत छह मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में नवासी बच्चों का नामांकन किया जाएगा । विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

उधर, गढ़वा जिले के मझिआंव पुलिस द्वारा खरसोता गांव के दो अलग–अलग घरों में छापामारी कर 17 बोतल किंगफिशर बियर एवं 48 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है। मौके से इस अवैध कारोबार में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

*******************

लातेहार जिले में भी आदर्श आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक वाहन से 22 लाख रुपये बरामद किया है।

*******************

बोकारो जिले के बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया में अवैध विदेशी शराब की फैक्ट्री का भंडाफोड़ और करोड़ों की अवैध शराब बरामदगी मामले में बोकारो पुलिस काफी गंभीर दिख रही है। मामले को लेकर आज उत्पाद सचिव के अलावा बोकारो रेंज के आईजी, डीआईजी और एसपी ने अवैध शराब फैक्ट्री का निरीक्षण कर जानकारी ली।

*******************

भाजपा ने दुमका पेट्रोल कांड के दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग राज्य सरकार से की है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने आज रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोषियों ने जिस बर्बरता को अंजाम दिया था, उसे देखते हुए उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

*******************

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने झारखंड में जन समस्याओं को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि झारखंड के बुनियादी मुद्दों को लेकर पार्टी जमीनी स्तर पर आंदोलन करेगी।

*******************

आज गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु के बलिदान की याद में रांची समेत राज्य भर के गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी।

*******समाप्त***********